नई दिल्ली, सोमवार
10 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

जेईई एडवांस में आइआइटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने किया टाप 1

नेहरू के बाद मोदी की तीसरी पारी 1

RESULT: JEE ADV. 2024

HISTORIC HAT-TRICK IN 2024

AIR 1 JEE Main | AIR 1 NEET (UG) | AIR 1 JEE Adv.

ALLEN JEE (Adv.) 2024 Results Certified by EY Building a better working world

ALLEN THE #1 CHOICE FOR INDIA'S CHAMPIONS!

Ved Lahoti Classroom Course

AIR 1 HIGHEST SCORE EVER

355/360 98.61%



AIR 4 Rhythm Kedia Classroom Course

AIR 6 Rajdeep Mishra Classroom Course

AIR 7 Dwija Patel Classroom Course ALL INDIA GIRL TOPPER

45 Students in top 100 All India Rank ALL FROM CLASSROOM COURSE

AIR 12 Raghav Sharma Classroom Course
AIR 15 Shawn Thomas Koshy Classroom Course
AIR 16 Bismit Sahoo Classroom Course
AIR 21 Shaurya Agrawal Classroom Course
AIR 22 Namish Bansal Classroom Course
AIR 23 Ansh Garg Classroom Course
AIR 26 Nitanshu Nitin Bhutada Classroom Course
AIR 28 Shekhar Jha Classroom Course
AIR 29 Muhammed Sufiyan Classroom Course
AIR 30 Sagar V Classroom Course
AIR 31 Ishaan Gupta Classroom Course
AIR 35 Rishit Aggarwal Classroom Course
AIR 36 Videep R. Jalapally Classroom Course
AIR 37 Anshul Goyal Classroom Course
AIR 38 Akshar Zala Classroom Course
AIR 40 Arnav Baranwal Classroom Course
AIR 44 Aadeshveer Singh Classroom Course
AIR 49 Avadh Hindocha Classroom Course
AIR 52 Sushant Padha Classroom Course
AIR 57 Aaditya Kumar Classroom Course
AIR 58 Dakshesh Mishra Classroom Course
AIR 60 Saksham Khandelwal Classroom Course
AIR 61 Advait Gupta Classroom Course
AIR 65 Akash Tiwari Classroom Course
AIR 66 Mrigank Goel Classroom Course
AIR 69 Avik Das Online Live Classroom
AIR 73 Raghav Chandak Classroom Course
AIR 74 Himanshu Classroom Course
AIR 75 Manya Jain Classroom Course
AIR 77 Mohd Emaad Arif Classroom Course
AIR 79 Reyansh Shinde Classroom Course
AIR 80 Abhinav P J Classroom Course
AIR 81 Harshal Kanani Classroom Course
AIR 85 Bibaswan Biswas Classroom Course
AIR 86 Bhagyansh Sahu Classroom Course
AIR 87 Devansh Gattani Classroom Course
AIR 89 Jaiveer Singh Classroom Course
AIR 91 Amar Sinha Classroom Course
AIR 94 Nilkrishna Classroom Course
AIR 96 Aniket Kumar Classroom Course
AIR 99 Tanay Chetan Kakliya Classroom Course

And many more students!

Watch inspiring stories of our champions

As per results compiled till 9th June 2024 (3:45 PM)

ADMISSIONS OPEN (AT DELHI CENTER)
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8 to 12 & 12 Pass

GET UP TO 90% SCHOLARSHIP

Based on NEET (UG) Score & JEE Rank 2024 or appear in ASAT

Scan to Register

Class 11 – Nurture Course (Target-2026)
Batches starting from
JEE (Main+Adv.) / NEET (UG): 11 June

12 Pass/Ex ALLEN Students Leader Course (Target-2025) Batches starting from
JEE (Main+Adv.): 15 June
NEET (UG): 11 June

Scan to Register

For more details on upcoming batches & dates, visit allen.ac.in

TALLENTEX 2025 Register now & avail early registration fee benefit, visit tallentex.com

Scholarship based on 10th & 12th Board Marks for details visit allen.ac.in

ALLEN DELHI CENTER 95136 85900 | allen.ac.in/delhi


ALLEN KOTA CENTER 0744-3556677, 2757575 www.allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

*********

# ALLEN ONLINE PROGRAMS

## JEE (ADV.) 2024 RESULTS




## सिर्फ आसमान नहीं, उसका लक्ष्य तो तारों तक पहुंचना है...

### मिलिए हमारे JEE चैंपियन, अविक दास से।

पश्चिम बंगाल के एक छोटे से शहर अलीपुरद्वार के अविक का एस्ट्रोफिजिक्स के प्रति लगाव उनके दादा से प्रेरित होकर शुरू हुआ। उन्होंने अविक में विज्ञान के प्रति जुनून पैदा किया।

अविक को मालूम था कि एस्ट्रोफिज़िसिस्ट बनने के लिए JEE में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना जरूरी है।

अविक ने ALLEN Online Programs से जुड़कर घर पर JEE की तैयारी के साथ NEET की तैयारी भी प्रारंभ की। जल्द ही उसे लगने लगा कि लाइव क्लासेज, टीचर्स का मार्गदर्शन और ALLEN App पर स्टडी टूल्स उसे उसके सपनों के करीब ले जा रहे हैं।

ये प्रसन्नता की बात है कि उन्होंनें NEET (UG) 2024 में 720 में से 705 अंक प्राप्त करने के साथ वेस्ट बंगाल स्टेट बोर्ड में 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।

हमें गर्व है कि अविक ALLEN परिवार का सदस्य है।

Scan the QR code to watch Avik Das talk about his incredibly inspirational journey.

**AVIK DAS**
Live Online Classroom Program

JEE ADV. 2024 **AIR 69** | NEET(UG) 2024 **705/720**

## ALLEN ONLINE के छात्र घर से पढ़ाई करते हुए टॉप IITs में दाखिला पा रहे हैं!

ALLEN JEE ADV.2024 Results Certified by EY (Official result validator; Building a better working world)

**14** Students in top 500 AIR


AIR 139
**Pranav Pramod Patil**
Online Test Series


AIR 161
**Mayukh Chowdhury**
Live Online Classroom Program


AIR 163
**Garv Chaudha**
Live Online Classroom Program

And Counting...




### Give your prep the ALLEN App Advantage

- Interactive LIVE classes with top Kota faculty
- Customised practice quizzes
- 24/7 doubt resolution
- Personalised improvement plan
- Regular mentorship and guidance

1 in every 2 ALLEN app students qualified for JEE (Adv) '24

### Online Test Series with Smart Practice Features

- AIR benchmarking
- Follow the latest exam pattern & syllabus
- Curated 5,000+ practice questions
- Personalised study tools on the ALLEN app

Starting at ₹3,999

**ALLEN**
+91-9513736499
www.allen.in

Join Online Programs for JEE & NEET Repeaters.
Batches starting from June 17
Get up to 90% scholarship based on your JEE & NEET score

Hurry! Admissions open. Scan code to enrol.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

नई दिल्ली, सोमवार
10 जून, 2024

राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण



www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पानी नहीं पहुंचने से वजीराबाद जलाशय का जलस्तर सामान्य से पांच फीट कम 3

मोदी सरकार विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्धः शाह 7


45 YEARS OF EXCELLENCE

JEE ADV. 2024 RESULTS

SRAMAYEVA JAYATHE
NARAYANA
EDUCATIONAL INSTITUTIONS

NARAYANA
NATION'S MOST TRUSTED
FOR IIT-JEE SUCCESS

All India Ranks in Top 20




*OBC

MATCHA BALAADITYA*
HT No: 245005057
Narayana Student - Class 8th - 12th

BOTHAMOLLA CHARAN*
HT No: 246161542

BHOGALAPALLI SANDESH
HT No: 246136003
Narayana Student - Class 8th - 12th

RAJDEEP MISHHRA (DLP)
HT No: 241018176

MATCHA BALAADITYA
HT No: 245005057
Narayana Student - Class 8th - 12th

AIR 12th
RAGHAV SHARMA (DLP)
HT No: 242083073

AIR 16th
BISMIT SAHOO (DLP)
HT No: 242072060

AIR 17th
ARYAN PRAKASH
HT No: 241104228

AIR 20th
AMOGH AGRAWAL
HT No: 241050091

All India Open Category Ranks in Top 100

AIR 27 | AIR 28 | AIR 31 | AIR 33 | AIR 40 | AIR 45 | AIR 49 | AIR 51

AIR 54 | AIR 59 | AIR 63 | AIR 66 | AIR 70 | AIR 74 | AIR 76 | AIR 77

AIR 82 | AIR 85 | AIR 87 | AIR 89 | AIR 90 | AIR 91 | AIR 94 | AIR 99

Below 20 All India Open Category Ranks » 7 Ranks

Below 100 All India Open Category Ranks » 31 Ranks

Below 1000 All India Open Category Ranks » 179 Ranks

Below 100 All India Category Ranks » 127 Ranks

Below 1000 All India Category Ranks » 873 Ranks

JEE ADV. Repeater Batch starts from 15th June 2024

Trust Narayana to fulfil your IIT-JEE dreams, as #YourDreamsAreOurDreams

Total Selections 3816+

Scan QR For Admissions

**Narayana Schools, Coaching Centers @DELHI+NCR**

SOUTH CITY-II: 8287901629, 8882201962, 8882201961. MG ROAD: 9873338852, 9625996826, 8287901628. SECTOR -87C: 8744054800, 7701910519, 7701999968. PALAM VIHAR: 9540183030, 8882201969, 8882201974. MANESAR: 8744068918, 8882201979, 8882201973. GHAZIABAD: 9540168262, 9289446878,9289440979. FARIDABAD-87: 8745053333, 8882201970, 8287901631. FARIDABAD-77: 9873338851, 8287901630, FARIDABAD-11: 8882201963,8882201964, HISAR: 9625996812, 8178033218, 9717463355. GREATER NOIDA: 8750875555, 9625996691,8882201980.

Coaching Center
DWARAKA - 9650595922
JANAKPURI - 9650504406
KALUSARAI - 8700305050
PREET-VIHAR - 9650508334
PUNJABI BAGH - 9650603411
FARIDABAD - 9289294731
GURUGRAM - 9650603990
LAJPAT NAGAR - 9625182727

**Narayana Schools, Coaching Centers @UTTAR PRADESH**

Firozabad : 9650118233, 9650112737.
Rampur : 9650502887, 9650304688.
Ghaziabad : 9540168262, 9289446878,
Greater Noida : 8750875555, 9625996691.
KANPUR : 9355955199, 9319197569.
Lucknow : 9643818999, 8744063811.
Meerut : 9319197567, 0121 - 2671261.
Agra : 9319197565 / 9319197566
Bareilly : 9319197561, 9319197562,

Coaching Center
ALIGARH - 9910740088
KANPUR - 9910853335
LUCKNOW - 9371500887
NOIDA - 9650503325
VARANASI - 9289468467

**Narayana Schools, Coaching Centers @PUNJAB**

LUDHIANA - CHANDIGARH ROAD CAMPUS: 9517770808, 9517770807.
LUDHIANA - DUGRI CAMPUS: 874401 9999, 9056751730.
HSN - JALANDHAR BYPASS LUDHIANA : 9056751731, 8512879999.
AMRITSAR - ALPHA CITY CAMPUS: 9517770801, 9517770802.
AMRITSAR - BLUE VALLEY CAMPUS: 9517770805, 9517770806.
BATHINDA: 9056751741, 9056751743
MOHALI - PUDA GATEWAY CITY, I SECTOR 118: 8745997711, 9056751732.

Coaching Center
LUDHIANA - 6283363339
CHANDIGARH - 9650504922, 0172-4042362

Coaching Centers - JHARKHAND: DHANBAD - 9031085004 - JAMSHEDPUR - Ph: 7280055620 - RANCHI - Ph: 7643990721 - Coaching Centers - UTTARAKHAND: DEHRADUN - Ph: 9289294722

Toll Free: 1800 102 3344 | /TheNarayanaGroup | www.narayanagroup.com | www.narayanaschools.in


*********

# छात्रों से बोले राहुल, मैं बनूंगा संसद में आपकी आवाज

## कहा-परीक्षाओं में धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया



राहुल गांधी (फाइल) ● एएफपी

- नीट-यूजी में कथित धांधली को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर साधा निशाना
- कहा, शपथ लेने से पूर्व ही 24 लाख से ज्यादा छात्रों को तोड़ दिया

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की परीक्षा नीट-यूजी को लेकर विवादों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल की शपथ लेने से पहले ही परीक्षाओं में कथित धांधली ने 24 लाख से ज्यादा छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया। उन्होंने देशभर के छात्रों को आश्वस्त किया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे।

नीट-यूजी में अधिक अंक दिए जाने के आरोपों के बीच परीक्षा की आयोजनकर्ता नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की थी कि 1,500 से ज्यादा छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए शिक्षा मंत्रालय ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। एक्स पर हिंदी में लिखी पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, 'एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतम अंकों के साथ टाप कर जाते हैं, जबकि कइयों को ऐसे अंक मिले हैं जो तकनीकी रूप से संभव नहीं हैं, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।' उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए कांग्रेस ने एक मजबूत योजना बनाई थी। साथ ही कहा, 'हमने अपने घोषणा पत्र में कानून बनाकर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था।' राहुल ने कहा कि छात्रों ने विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर भरोसा जताया है और आइएनडीआइए उनकी आवाज को दबने नहीं देगा।

## कांग्रेस ने मोदी के शपथ ग्रहण से पहले गठबंधन पर किया कटाक्ष



जयराम नरेश ● फाइल फोटो

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ग्रहण से पहले कांग्रेस ने कटाक्ष किया है। कांग्रेस ने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को खतरनाक करार दिया। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि मोदी आज शाम नरेन्द्र डेस्ट्रक्टिव एलायंस यानी एनडीए के नेता के रूप शपथ लेंगे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि क्या आप लोगों को 28 मई, 2023 का दिन याद है? यह वह दिन था जब नरेन्द्र मोदी नए संसद भवन में उस सेंगोल के साथ आए थे, जिसके लिए 15 अगस्त 1947 का इतिहास गढ़ा गया था। यह न केवल मोदी के सम्राट होने के ढोंग को सही ठहराने के लिए बल्कि तमिल मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए किया गया था। वहीं, एक अन्य पोस्ट में जयराम ने पीएम के राजघाट दौरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आप ट्रैक रिकार्ड देखिए। उनके वैचारिक सहयोगियों ने शत्रुता और घृणा का ऐसा विषाक्त वातावरण बनाया, जिसके बाद 1948 में महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी।

# मतगणना में धांधली को लेकर अदालत जाएगी कांग्रेस

**उत्तर प्रदेश में छह सीटों पर 50 हजार से कम मतों से हारी है कांग्रेस, 17 सीटों पर लड़ा था लोकसभा चुनाव**

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** मतगणना में धांधली की शिकायत लेकर कांग्रेस ने अदालत जाने की तैयारी शुरू कर दी है। वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद को इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी है। कम अंतर से हारी सीटों के उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे अपनी-अपनी सीटों से संबंधित मतगणना के दस्तावेज पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद को उपलब्ध करवा दें।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने इस बार सपा से गठबंधन करके 17 सीटों पर लोस चुनाव लड़ा था। इनमें रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, अमरोहा, देवरिया, बांसगांव, महराजगंज, कानपुर, सीतापुर, झांसी, वाराणसी, इलाहाबाद, मथुरा, बाराबंकी, बुलंदशहर, गाजियाबाद तथा फतेहपुर सीकरी की सीटें शामिल हैं। इनमें से अमरोहा, फतेहपुर सीकरी, कानपुर, महराजगंज, देवरिया तथा बांसगांव में कांग्रेस 50 हजार से कम मतों से चुनाव हारी है।

कांग्रेस उम्मीदवारों ने पार्टी को रिपोर्ट दी है कि मतगणना में धांधली की वजह से वे चुनाव हारे हैं। बांसगांव में कांग्रेस के सदल प्रसाद सबसे कम 3150 मतों से हारने वाले उम्मीदवार हैं। वहीं, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह 34,842, महाराजगंज से वीरेंद्र चौधरी 35,451, कानपुर से आलोक मिश्रा 20,968 मतों से हारे हैं।

## राहुल गांधी को सौंपा गया निर्वाचन प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली, एएनआइ :** केरल के वायनाड के कांग्रेस नेताओं ने रविवार को दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में पार्टी के नव निर्वाचित सांसद राहुल गांधी को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। राहुल गांधी को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और महासचिव प्रियंका गांधी की उपस्थिति में यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इससे पहले शनिवार को कई कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने की मांग की थी।

# पांडियन ने सक्रिय राजनीति से लिया संन्यास, मांगी माफी



बीजू जनता दल नेता वी कार्तिकेयन पंडियन (फाइल) ● प्रेट्र

- पांडियन ने वीडियो संदेश के माध्यम से की घोषणा, बीजद कार्यकर्ताओं से मांगी माफी
- चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार के बाद बीजद कार्यकर्ताओं के निशाने पर थे पांडियन


**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर:** लोकसभा व विधानसभा चुनावों में बीजद की करारी हार के बाद वीके पांडियन ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। साथ ही अपने इस कदम के लिए बीजू जनता दल (बीजद) के कार्यकर्ताओं से माफी मांगी है। यह घोषणा उन्होंने हार के बाद बीजद में उठे तूफान और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक के उस बयान के बाद की है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। उनका उत्तराधिकारी राज्य की साढ़े चार करोड़ जनता तय करेगी। यह भी बता दें कि चुनाव से पहले वीके पांडियन ने स्वयं भी घोषणा की थी कि अगर नवीन छठी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने में विफल रहे तो वह सक्रिय राजनीति छोड़ देंगे।

बताया जा रहा है कि चुनाव में पार्टी की हार के बाद पांडियन बीजद कार्यकर्ताओं के निशाने पर थे। हाल ही में युवा बीजद नेताओं ने भुवनेश्वर में बुलाई गई बैठक के दौरान पांडियन और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ खुले तौर पर नारेबाजी की थी। हालांकि, बीजद अध्यक्ष ने पांडियन को क्लीन चिट देते हुए कहा है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पांडियन एक होनहार अधिकारी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई मुश्किल दौर को बड़े ही अच्छे तरीके से संभाला। नौकरी छोड़ने के बाद वह बीजू जनता दल में शामिल हुए थे और नवीन ओडिशा के अध्यक्ष के रूप में अच्छा काम कर रहे थे। बता दें कि नवीन ओडिशा की परिकल्पना राज्य के समेकित विकास को लेकर की गई थी।

इधर, पांडियन ने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि "राजनीति में शामिल होने का मेरा उद्देश्य नवीन बाबू की सहायता करना था और अब मैंने सक्रिय राजनीति से हटने का फैसला किया है। अगर मैंने इस यात्रा में किसी को चोट पहुंचाई है तो मुझे खेद है। हालांकि, संन्यास के बाद उन्होंने अपने अगले कदम के बारे में कुछ नहीं कहा।

## 12 जून को होगा ओडिशा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

**जासं, भुवनेश्वर:** ओडिशा विस चुनाव में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा पाने के बाद भाजपा ने राज्य में सरकार बनाने की कवायद तेज कर दी है। पहले कहा जा रहा था कि 10 जून को ओडिशा में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। हालांकि अब इस कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। राज्य भाजपा कार्यालय के मुताबिक नए सीएम 12 जून को शपथ लेंगे। राज्य कार्यालय में शपथ ग्रहण की तैयारी बैठक के बाद तारीख की घोषणा की गई। हालांकि अभी तक सीएम का नाम तय नहीं है। भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार सुबह भुवनेश्वर में होगी। इसमें मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति तैयार की जाएगी।



# ओडिशा की पहली मुस्लिम महिला विधायक बनीं सोफिया फिरदौस



सोफिया फिरदौस ● फाइल फोटो

**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर :** ओडिशा विधानसभा चुनाव में बारबाटी-कटक से निर्वाचित सोफिया फिरदौस राज्य की पहली मुस्लिम विधायक बन गईं हैं। यह सफलता उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर डा. पूर्ण चंद्र महापात्रा को 8001 मतों से हरा हासिल की है। सोफिया ने 32 वर्ष की उम्र में पहली बार चुनाव लड़ा और यह उपलब्धि हासिल की। सोफिया ने आइआइएम, बेंगलुरु से प्रबंधन में डिग्री ली है। सोफिया के पिता मोहम्मद मोकीम इसी क्षेत्र से 2019 में विधायक चुने गए थे। इस बार पिता की जगह कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बनाया था। ओडिशा के इतिहास में अबतक कुल 141 महिलाएं चुनाव जीतकर विधायक बनीं, जिनमें से एक भी मुस्लिम नहीं थी। बकौल सोफिया, महिलाएं आज हर सेक्टर में आगे में हैं, जबकि राजनीति में उनकी भागीदारी कम है। ओडिशा विस की बात करें तो महज 11 महिलाएं राज्य के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं।





सूचना

This is to inform the general public that my client Smt. Krishna Devi W/o Late Sh. Randip Singh R/o 121/B, Gali No. 6, Gautam Colony, Narela District North-West Delhi, Delhi 110040 (Aadhar No. 3167 8644 9602) has severed all her relations with her son Ankit Singh and daughter-in-law, Kajal W/o Sh. Ankit Singh, due to their misdeed and misconduct and debarred and disowned them from all her moveable and immoveable properties. My client shall not be responsible for any acts and omissions of their above named son and daughter-in-law and whoever deals with them shall do so at their own peril, risks and responsibilities. Rajpal Singh (Advocate) Ch. No. 434, Dwarka Court Complex, Sec-10, Dwarka, NewDelhi.

मै संतराम पुत्र गुगन निवासी 137, मैदान गढ़ी दिल्ली-110068 बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र शिवा जो हमारे कहने मे नहीं है। इसलिए मैंने इसको अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

बिकाऊ

IMMEDIATE SALE OF ESCORTS 8 TON AND ACE 12 TON HYDRA CRANE IN EXCELLENT WORKING CONDITION. CONTACT 9011042040/ 9350487840


## 'पीडीए' को और धार देगी सपा, अब 2027 है लक्ष्य



अखिलेश यादव ● फाइल फोटो


**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले ने बड़ा काम किया। सपा 37 सीटें जीतकर उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। सपा पीडीए की जुटान को सामाजिक एकजुटता का सकारात्मक आंदोलन मान रही है। यही कारण है कि पार्टी पीडीए की एकजुटता व जोश वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तक कम नहीं होने देना चाहती है। सपा 2027 को लक्ष्य बनाकर पीडीए को और धार देगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, समता-समानता, सौहार्द की रक्षा जैसे मुद्दों पर लगातार भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

सपा ने लोस चुनाव में पीडीए की रणनीति अपनाई तो उसे पार्टी गठन के बाद सबसे अच्छे परिणाम मिले। सर्वाधिक 37 सीटों के साथ ही 33.59 प्रतिशत वोट मिले हैं। इससे पहले वर्ष 2004 में उसे सबसे अधिक 35 सीटें मिली थीं उस समय उसे मात्र 26.74 प्रतिशत ही मत मिले थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी उसे 32 प्रतिशत वोट मिले थे।

## पुनरुद्धार को माकपा को पेशेवर संस्था की जरूरत

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता:** लोकसभा चुनाव में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद माकपा बंगाल में अपने पुनरुद्धार के लिए 'आइपैक' जैसी पेशेवर संस्था की जरूरत महसूस कर रही है। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के एक बड़े वर्ग का मानना है कि माकपा को फिर से पटरी पर लाने के लिए ऐसा करना बहुत जरूरी हो गया है। दूसरी तरफ, माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम का कहना है कि पार्टी के पास पेशेवर संस्था की नियुक्ति करने के लिए फंड नहीं है।

मालूम हो कि बंगाल में माकपा ने कांग्रेस के साथ मिलकर 23 सीटों पर चुनाव लड़ा था। सभी पर माकपा की हार हुई है। 21 प्रत्याशियों की तो जमानत जब्त हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी माकपा बंगाल में एक सीट नहीं जीत पाई थी। और तो और, पिछले विधानसभा चुनाव में उसका खाता तक नहीं खुल पाया था। माकपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सफलता में आइपैक जैसी पेशेवर संस्था का हाथ है। बिहार में तेजस्वी यादव से लेकर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव तक सबके पीछे कोई पेशेवर संस्था है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में माकपा पोलित ब्यूरो की बैठक में इस सुझाव को रखा जा सकता है।




********

नई दिल्ली, सोमवार
10 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18


# दैनिक जागरण


www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित


दिल्ली में चार दिन का यलो अलर्ट, लगेंगे लू के थपेड़े 3
अलकराज ने पहली बार जीता फ्रेंच ओपन का खिताब 8


## संपादकीय



विवेक देवराय | आदित्य सिन्हा

**नई सरकार से अपेक्षाएं:** राजग के राज में निर्णायक फैसलों ने शासन को नया आयाम प्रदान किया है। ऐसे में यही उम्मीद है कि नए कार्यकाल में भी सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा। **विवेक देवराय** और **आदित्य सिन्हा** का आकलन।

**कसमसाती अयोध्या की बेचैनी:** यदि श्रीराम को अपना राजा मानने वाली अयोध्या की आध्यात्मिकता छिनेगी तो उसकी प्रतिक्रिया होगी। **आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण** का आलेख। ● पेज 4

## जागरण विशेष

### बौद्धिक-तार्किक क्षमता का आकलन करेगा साफ्टवेयर



**नई दिल्ली:** अब किसी की एकाग्रता के स्तर और बौद्धिक व तार्किक क्षमता को जानना मुमकिन है। डीटीयू की छात्रा निधि ने इसके लिए साफ्टवेयर तैयार किया है। इससे कमी पाए जाने पर सुधार भी संभव होगा। ● पेज 6

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

**मंत्रियों की भूमिका**
**मंत्रिमंडल में कितने प्रकार के होते हैं मंत्री? कैबिनेट-स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री में अंतर; किसकी क्या होती है भूमिका?**

दैनिक जागरण **सप्तरंग**

साहित्य और संगीत का



कंप्यूटर भाषा का स्रोत हमारा छंदशास्त्र
भाव रस की गगरी छलकाता संगीत
● जागरण सिटी

# नेहरू के बाद मोदी की तीसरी पारी

### 71 मंत्रियों के साथ ली शपथ, सबका साथ-सबका विकास का दिया संदेश

### पीएम समेत 31 कैबिनेट, 5 स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्यमंत्रियों को राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

### मंत्रिपरिषद के साथ क्षेत्रीय, जातीय और दलीय संतुलन बनाने का दिखा प्रयास

### स्मृति, अनुराग समेत पिछली सरकार के 37 मंत्रियों को नहीं मिली जगह

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में राजग की जीत के बाद नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने के साथ ही प्रधानमंत्री के रूप में अपनी तीसरी पारी की शुरुआत की। देश की आजादी के बाद मोदी पहले ऐसे गैर कांग्रेसी राजनेता हैं, जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। उनसे पहले जवाहरलाल नेहरू ने लगातार तीन बार सरकार बनाई थी। पीएम समेत नई सरकार के 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में वरिष्ठ और युवा नेताओं को स्थान दिया गया है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर और हरदीप पुरी जैसे पिछली सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों को बरकरार रखा गया है। वहीं, स्मृति इरानी, अनुराग ठाकुर, नारायण राणे और परशोत्तम रुपाला समेत पिछली सरकार के 37 मंत्रियों को नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मनोहर लाल और बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी को भी मोदी सरकार में शामिल किया गया है।


राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में विदेशी मेहमानों, साधु संतों और लगभग आठ हजार लोगों की भीड़ के सामने जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कैबिनेट के साथ शपथ ली तो यह संदेश साफ था कि वह बिना किसी दबाव के सबको साथ लेकर चलेंगे, लेकिन शर्त एक है कि काम से कोई समझौता नहीं हो सकता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति तीसरी बार मोदी सरकार के गठन में साकार होती दिखी। 31 सदस्यीय कैबिनेट (पीएम सहित) के साथ मोदी मंत्रिमंडल में राजग के सहयोगी दलों को समुचित प्रतिनिधित्व देते हुए क्षेत्रीय, जातीय और दलीय संतुलन का पूरा प्रयास दिखा है। 16 सांसदों वाली तेदेपा और 12 सांसदों वाले जदयू से भी उन्होंने सिर्फ दो मंत्री बनाए हैं।

18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में राजग को मिले पूर्ण बहुमत के आधार पर राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। मोदी के नेतृत्व वाली इस राजग सरकार में जिस तरह से मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, उसमें गठबंधन का सामंजस्य साफ दिखाई दिया। मोदी-2.0 में कैबिनेट का आकार 26 था, जिसे बढ़ाकर अब 31 कर दिया गया है। इनमें पीएम मोदी सहित 21 चेहरे पुराने हैं तो सहयोगी दलों के पांच सदस्यों सहित 11 नए सदस्यों को शामिल किया गया है। नए कैबिनेट मंत्रियों में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे अनुभवी नेता की सरकार में वापसी हुई है तो लंबे समय तक अपने-अपने राज्यों की कमान संभाल चुके दिग्गजों मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने भी अपना स्थान बनाया है। राज्यमंत्री के रूप में पिछली सरकार में झारखंड का प्रतिनिधित्व करती रहीं अन्नपूर्णा देवी को प्रोन्नत कर कैबिनेट में लाया गया है। इसी तरह सहयोगी दलों से हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 78 वर्षीय जीतनराम मांझी व जनता दल यूनाइटेड के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के साथ आंध्र प्रदेश से चुनाव जीते तेलुगु देसम पार्टी के 36 वर्षीय के. राम मोहन नायडु और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष 41 वर्षीय चिराग पासवान को कैबिनेट मंत्री बनाकर अनुभव, ऊर्जा, क्षेत्रीय, जातीय और दलीय संतुलन का संदेश देने का प्रयास किया गया है। 37 साल की रक्षा खडसे इस सरकार की सबसे युवा और जीतनराम मांझी सबसे बुजुर्ग मंत्री हैं।

स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्रियों का कोटा भी इस सरकार में बढ़ा दिया गया है। पिछली सरकार में मात्र तीन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के साथ थे, जबकि इस बार इनकी संख्या पांच कर दी गई है। इनमें हरियाणा से राव इंद्रजीत सिंह, जम्मू-कश्मीर से जितेंद्र सिंह और राजस्थान से अर्जुन राम मेघवाल का कद बरकरार रखा गया है तो उत्तर प्रदेश के युवा जाट नेता रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी और शिवसेना शिंदे गुट के सांसद प्रताप राव जाधव को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री बनाया गया है। राज्यमंत्रियों की संख्या में भी इस बार वृद्धि की गई है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में 29 राज्यमंत्री थे, जबकि इस बार सभी गठबंधन सहयोगियों को प्रतिनिधित्व देते हुए कुल 36 राज्यमंत्री बनाए गए हैं। इनमें 25 चेहरे नए हैं। मंत्रिपरिषद में सात महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिनमें दो को कैबिनेट में जगह मिली है। भाजपा के सहयोगी दलों से 11 मंत्री बनाए गए हैं। भाजपा ने अपने पांच सहयोगी दलों को मंत्रिपरिषद में जगह दी है। मंत्रिमंडल में सामाजिक संतुलन का भी ध्यान रखा गया है। ओबीसी समुदाय के 27, अनुसूचित जाति के 10, अनुसूचित जनजाति के पांच और अल्पसंख्यक समुदाय के पांच मंत्री बनाए गए हैं। जदयू कोटे से रामनाथ ठाकुर को भी मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है। वह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के पुत्र हैं। 33 मंत्री पहली बार केंद्र सरकार का हिस्सा बने हैं, जिनमें सात सहयोगी दलों से हैं। कम से कम 43 मंत्री तीन या अधिक बार सांसद रह चुके हैं। केंद्रीय कैबिनेट में 81 मंत्रियों का कोटा होता है और मोदी ने 72 मंत्री बना दिए हैं।

**यूपी से 10 और बिहार से आठ मंत्री:** मंत्रिमंडल में देश के सभी हिस्सों को शामिल करने का प्रयास किया गया है। नई सरकार में 24 राज्यों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से जहां 10 मंत्री बनाए गए हैं, वहीं बिहार से आठ। ध्यान रहे कि बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है। मध्य प्रदेश से पांच और हरियाणा से दो मंत्री बनाए गए हैं। दक्षिण के राज्यों से 12 मंत्री बनाए गए हैं।


मोदी सरकार 3.0 >> पेज 7 व 9
संबंधित >> पेज 2,5 व संपादकीय

नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में रविवार को नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया। पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद वह पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें शपथ दिलाई ● ध्रुव कुमार

**कैबिनेट मंत्री**
- राजनाथ सिंह
- अमित शाह
- नितिन गडकरी
- जेपी नड्डा
- शिवराज सिंह चौहान
- निर्मला सीतारमण
- एस जयशंकर
- मनोहर लाल
- एचडी कुमारस्वामी
- पीयूष गोयल
- धर्मेंद्र प्रधान
- जीतनराम मांझी
- राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
- सर्बानंद सोनोवाल
- डा. वीरेंद्र कुमार
- किंजरापु राम मोहन नायडू
- प्रल्हाद जोशी
- जुएल ओरांव
- गिरिराज सिंह
- अश्विनी वैष्णव
- ज्योतिरादित्य सिंधिया
- भूपेंद्र यादव
- गजेंद्र सिंह शेखावत
- अन्नपूर्णा देवी
- किरण रिजिजू
- हरदीप सिंह पुरी
- मनसुख मांडविया
- जी किशन रेड्डी
- चिराग पासवान
- सीआर पाटिल

**33** चेहरे पहली बार केंद्र सरकार का हिस्सा बने, सात सहयोगी दलों से

**37** साल की रक्षा खडसे सबसे युवा और 78 वर्षीय जीतनराम मांझी सबसे बुजुर्ग मंत्री

- मंत्रिपरिषद में सात महिलाएं, सहयोगी दलों से चिराग समेत 11 मंत्री बनाए गए
- ओबीसी समुदाय के 27, अनुसूचित जाति के 10 और अल्पसंख्यक समुदाय के पांच मंत्री

### हर्ष मल्होत्रा के मंत्री बनने से बढ़ेगा कार्यकर्ताओं का मनोबल

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले हर्ष मल्होत्रा को नरेन्द्र मोदी सरकार में राज्य मंत्री बनाकर यह संदेश दिया गया है कि संगठन के लिए परिश्रम करने वाले कार्यकर्ताओं का पार्टी नेतृत्व ध्यान रखता है। हर्ष पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता हैं। इनके मंत्री बनने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ने के साथ ही दिल्ली विशेषकर यमुनापार में भाजपा का जनाधार और मजबूत होगा। विस्तृत >> पेज 2



शपथ लेते हर्ष मल्होत्रा

### नवगठित कैबिनेट की पहली बैठक आज पीएम आवास पर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवगठित कैबिनेट की पहली बैठक सोमवार शाम लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर होने की संभावना है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। यह बैठक शाम पांच बजे हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी सरकार की नई कैबिनेट में शामिल लोगों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन रखा है।

# दिल्ली-यूपी के श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला, नौ मरे

**जम्मू के रियासी की घटना**

**जागरण संवाददाता, रियासी:** जम्मू संभाग के रियासी जिले के शिवखोड़ी धाम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस पर रविवार को आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। सड़क के बीचोंबीच खड़े होकर आतंकियों ने पहले बस चालक पर और फिर उसमें सवार श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इससे बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हमले में नौ श्रद्धालुओं की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे भी हैं। एक की उम्र तीन से चार वर्ष और दूसरे की 10 से 12 वर्ष है। उनके अभिभावकों के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, 37 घायल हुए हैं।

हमले में चार आतंकी शामिल थे। इनमें से दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर तुरंत बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवान भी पहुंच गए। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं में अधिकांश उप्र, राजस्थान और दिल्ली के हैं। हमले की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है।


संबंधित >> पेज 10
सुरक्षाबलों ने क्षेत्र को घेरकर शुरू किया तलाशी अभियान >> पेज 10


- सड़क के बीचोबीच खड़े हो बस के चालक पर बरसाई गोलियां, इससे बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 37 घायल
- रियासी जिले में स्थित शिवखोड़ी धाम से लौट रही थी बस, मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल
- आतंकियों की संख्या चार थी, नकाब पहन घटनास्थल पर पहले से थे मौजूद



रियासी में हमले के बाद खाई में गिरी बस में फंसे श्रद्धालुओं को निकालने में जुटे लोग ● आइएएनएस

### राष्ट्रपति ने जताया शोक, पीएम ने ली हालात की जानकारी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी हमले को दुखद बताते हुए स्वजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की और पूरे हालात की जानकारी ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि उन्होंने स्थिति पर नजर रखने और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उपराज्यपाल ने कहा कि दोषियों को जल्द दंडित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

# पाकिस्तान को टीम भारत ने दिया एक और जख्म



मैच में पाक बल्लेबाज को आउट करने के बाद खुशी मनाते जसप्रीत बुमराह ● एपी

अभिषेक त्रिपाठी ● जागरण

**न्यूयार्क:** 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में जो दुबई में हुआ था, वह रविवार को रोहित शर्मा की कप्तानी में न्यूयार्क में नहीं हुआ। टीम भारत ने टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए के मुकाबले में पाकिस्तान के विरुद्ध दोयम दर्जे की बल्लेबाजी जरूर की, जिसके कारण वह 20 ओवर भी नहीं खेल पाई। लेकिन गेंदबाजों विशेषतौर पर जसप्रीत बुमराह (3/14) व हार्दिक पांड्या (2/24) ने जीत की इबारत लिख दी।

रिषभ पंत के 42 रनों की बदौलत भारत ने 19 ओवर में 119 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद भारतीय टीम का सुपर-आठ में पहुंचना लगभग तय हो गया बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। बता दें कि दुबई में 2021 में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से मात दे दी थी। संबंधित >> पेज 8

T20 विश्व कप 2024

आज का मैच
दक्षिण अफ्रीका vs बांग्लादेश
रात 8 बजे | स्थान: न्यूयार्क
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर

# आइआइटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने किया टाप

**जेईई एडवांस**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** आइआइटी में दाखिले से जुड़ी परीक्षा जेईई एडवांस के परिणाम को लेकर छात्रों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। आइआइटी मद्रास ने पूर्व निर्धारित योजना के तहत रविवार सुबह परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें इंदौर निवासी एवं आइआइटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 अंकों में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष उच्चतम अंक 352 थे। लड़कियों के वर्ग में आइआइटी बांबे जोन से द्विजा धर्मेशकुमार पटेल ने 360 अंकों में से 332 अंक हासिल कर शीर्ष में जगह बनाई। उनकी आल इंडिया कामन रैंक सातवीं है। कामन रैंक के टाप-10 में आइआइटी दिल्ली जोन के आदित्य ने 360 अंकों में से 346 अंक हासिल दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

जेईई एडवांस की परीक्षा का जिम्मा इस बार आइआइटी मद्रास को सौंपा गया था। आइआइटी मद्रास के मुताबिक, इस परीक्षा के लिए वैसे तो ढाई लाख छात्रों ने क्वालीफाई किया था, लेकिन परीक्षा के लिए 1.86 लाख बच्चों ने ही रजिस्ट्रेशन कराया था। जबकि परीक्षा में 1.80 लाख छात्र ही सम्मिलित हुए।


काउंसलिंग के जरिये आइआइटी में मिलेगा दाखिला >> पेज 2
संबंधित >> जागरण सिटी


- आइआइटी मद्रास ने रविवार सुबह जारी किया परीक्षा परिणाम
- लड़कियों के वर्ग में आइआइटी बांबे जोन की द्विजा शीर्ष पर
- टाप-10 में दूसरे नंबर पर आइआइटी दिल्ली जोन के आदित्य
- 1.80 लाख छात्रों में से 48,248 ने किया परीक्षा को क्वालीफाई



वेद लाहोटी (फाइल) ● इंटरनेट मीडिया



द्विजा धर्मेश कुमार पटेल (फाइल)

### सामान्य का कटआफ 109 अंक

जेईई एडवांस में सामान्य वर्ग का कटआफ इस बार 109 अंक रहा। सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम कटआफ 10 अंकों का रहा। यानी प्रत्येक विषय में न्यूनतम 10 अंक पाना जरूरी था।

**टाप-10**
- वेद लाहोटी, आइआइटी दिल्ली जोन
- आदित्य, आइआइटी दिल्ली जोन
- भोगलपल्ली संदेश, आइआइटी मद्रास जोन
- रिदम केडिया, आइआइटी रुड़की जोन
- पुट्टी कुशल कुमार, आइआइटी मद्रास जोन
- राजदीप मिश्रा, आइआइटी बांबे जोन
- द्विजा धर्मेशकुमार पटेल, आइआइटी बांबे जोन
- कोडुरु तेजेश्वर, आइआइटी मद्रास जोन
- ध्रुविन हेमंत दोशी, आइआइटी बांबे जोन
- अल्लादाबोइना एसएसडीबी सिधविक सुहास - आइआइटी मद्रास जोन






*********

संपादकीय जागरण

सोमवार, 10 जून, 2024 : ज्येष्ठ शुक्ल – 4 वि. 2081

नई शुरुआत नए अवसर प्रदान करती है

# तीसरी बार मोदी सरकार

**भारतीय लोकतंत्र** की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं के साक्षी रहे राष्ट्रपति भवन ने एक और इतिहास रचते देखा। इस इतिहास की रचना नरेन्द्र मोदी की ओर से लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के रूप में हुई। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि जहां देश में इसके पहले प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, वहीं दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने जा रहे हैं, लेकिन इससे उनकी इस उपलब्धि की महत्ता कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। उनकी राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी–पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में।

पिछले दस वर्षों का उनका कार्यकाल यह बताता है कि वह एक ओर जहां देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे वहीं विश्व पटल पर भी उन्होंने अपनी एक गहरी छाप छोड़ी। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदलने का काम किया है। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की पीएम के रूप में तीसरी पारी निरंतरता का परिचायक ही होगी। भले ही उनकी गारंटियां भाजपा को पूर्ण बहुमत न दिला पाई हों, लेकिन देश अभी भी एक कुशल प्रशासक के रूप में उनकी प्रतिबद्धता का कायल है। यह संभव है कि सहयोगी दल अपने राज्यों के साथ ही अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आग्रह करें, लेकिन यदि वे कोई अनुचित दबाव नहीं डालते तो इसमें कोई बाधा नहीं है और शासन संचालन की पीएम मोदी की जैसी कार्यशैली रही उससे यह सुनिश्चित हुआ जा सकता है कि वह किसी भी तरह की दबाव की राजनीति में आने वाले नहीं हैं और उनके तीसरे कार्यकाल में देश जनता की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# चिंताजनक स्थिति

**दिल्ली में** जल संकट चिंताजनक है। वजीराबाद स्थित जलाशय में पानी का स्तर कम बना हुआ है, जो दर्शाता है कि हिमाचल व हरियाणा से दिल्ली को अपेक्षित पानी प्राप्त नहीं हो रहा है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा को पत्र लिखकर तत्काल पानी मांगा है। उधर, हरियाणा सरकार की ओर से फिर कहा गया है कि हिमाचल से पानी मिलेगा तो उसे दिल्ली को दिया जाएगा, वहीं हिमाचल कई दिनों से कह रहा है कि यमुना का पानी हिमाचल में रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है, ऐसे में यमुना का पानी दिल्ली के लिए सीधे हरियाणा जा रहा है।

> सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अतिरिक्त पानी दिल्ली न पहुंचना गंभीर मामला है और निश्चित तौर पर इसे उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए


यदि तीनों राज्यों की बात को सही माना जाए तो वस्तुस्थिति यह है कि हिमाचल पानी रोक नहीं रहा है, हरियाणा को पानी मिल नहीं रहा है और दिल्ली तक पानी पहुंच नहीं रहा है। ऐसे में इस बात की पड़ताल की आवश्यकता है कि वास्तव में दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने के लिए हिमाचल में यमुना में अतिरिक्त पानी है भी या नहीं? सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अतिरिक्त पानी दिल्ली न पहुंचना गंभीर मामला है और निश्चित तौर पर इसे उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। एलजी को इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाना चाहिए, ताकि हिमाचल में यमुना के पानी की मात्रा का आकलन कर यह पता लगाया जाए कि वास्तव में इस मामले में तीनों में से कौन सी राज्य सरकार गलत बोल रही है। उस पर केंद्र सरकार की ओर से दबाव बनाया जाए कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करे।

**कह के रहेंगे** — माधव जोशी




**जागरण जनमत** — कल का परिणाम


**क्या राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनना चाहिए?**




**आज का सवाल**
क्या नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को और सक्षम एवं जवाबदेह बनाया जाना आवश्यक हो गया है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# नई सरकार से अपेक्षाएं




विवेक देबराय | आदित्य सिन्हा

**राजग के राज में निर्णायक फैसलों ने शासन को नया आयाम प्रदान किया है। ऐसे में यही उम्मीद है कि नए कार्यकाल में भी सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग की सरकार ने कमान संभल ली है। संप्रग सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में गठबंधन की राजनीति के दौरान शासन कुप्रबंधन की भेंट चढ़ गया था, लेकिन राजग के राज में आर्थिक सुधारों से लेकर निर्णायक फैसलों ने शासन को नया आयाम प्रदान किया है। उसे मिला बहुमत भी इसकी स्वीकृति है। ऐसे में, राजग के नए कार्यकाल से भी यही अपेक्षाएं हैं कि सुधारों का सिलसिला पूर्व की भांति रफ्तार पकड़ेगा। श्रम और भूमि अधिग्रहण जैसे क्षेत्र अभी भी सुधारों की प्रतीक्षा में हैं, जो निवेश को लुभाने और अनुकूल कारोबारी परिवेश निर्मित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हालांकि सुधारों के कई मामलों में गेंद राज्यों के पाले में होती है, लेकिन सक्षम केंद्र इस मामले में प्रभावी पहल करके उन्हें सिरे चढ़ाने में सहायक हो सकता है। भारत के दृष्टिकोण से यह बहुत महत्वपूर्ण है कि यदि वह जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावनाओं को भुनाना चाहता है तो उसे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना होगा। इसके लिए शिक्षा एवं कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाना बहुत आवश्यक होगा। नई सरकार को अविलंब अपनी प्राथमिकताएं तय करके आगे बढ़ना होगा।

सबसे पहले तो पूंजीगत व्यय को अपनी प्राथमिकता में रखना होगा। यह राजस्व व्यय की तुलना में आर्थिक वृद्धि को ज्यादा गति देता है। बीते कुछ बजट इस तथ्य की पुष्टि करने वाले रहे हैं। इसलिए रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, बंदरगाह और जलमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश का दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए। ये क्षेत्र संविधान की सातवीं अनुसूची में संघ सूची के विषय हैं। इनसे न केवल आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ती हैं, बल्कि दीर्घकालिक विकास लक्ष्य भी सुनिश्चित होते हैं। इसमें उन परियोजनाओं को वरीयता देनी होगी, जिन्हें केंद्र सरकार सीधे लागू करने की स्थिति में हो। राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय भी बनाना होगा, जिनके चलते अक्सर परियोजनाएं लटक जाती हैं।

जनसांख्यिकीय लाभांश की व्यापक संभावनाओं को भुनाने के लिए नई सरकार को स्कूली शिक्षा में सुधारों को मूर्त रूप देना चाहिए। पिछले कार्यकाल में सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई थी। यह सरकार राज्यों को वह नीति जल्द से जल्द लागू करने के लिए प्रेरित करे। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि केवल स्कूली शिक्षा ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जहां शिक्षा के अधिकार कानून ने पढ़ाई-लिखाई तक बच्चों की पहुंच बेहतर बनाई है, लेकिन नेशनल अचीवमेंट सर्वे यानी एनएएस के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता में विभिन्न राज्यों के स्तर पर विसंगतियां देखने को मिली हैं। एनएएस 2021 के अनुसार चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में छात्र गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और छत्तीसगढ़ बहुत पिछड़ रहे हैं। इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्यों को समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से केंद्र से सहयोग लेकर प्रभावी समाधान में जुटना चाहिए। इस मुहिम में एनएएस के डाटा का उपयोग कर लक्षित हस्तक्षेप किया जाए। अध्यापकों के प्रशिक्षण को प्राथमिकता मिले और शैक्षणिक प्रक्रिया में अभिभावकों एवं सामुदायिक सक्रियता बढ़ाई जाए। विभिन्न राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर पर बन रही खाई को पाटने और उसकी गुणवत्ता को सुधारने के लिए ये कदम अत्यंत आवश्यक हो गए हैं।



अवधेश राजपूत

शोध एवं विकास (आरएंडडी) इकोसिस्टम और शोध-अनुसंधान एवं नवाचार के स्तर पर भारत चुनौतियों से जूझता आया है। ऐसे में नई सरकार को इस मोर्चे पर ध्यान देना होगा। देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में एक प्रतिशत से कम संस्था ही गुणवत्तापरक शोध में संलग्न हैं। इससे देश में शोध से जुड़ी क्षमताएं पूरी तरह आकार नहीं ले पा रही हैं। इन संस्थानों में वित्तीय संसाधनों का अभाव और कुछ अवरोधक नीतियां इसके लिए जिम्मेदार हैं। भारत में आरएंडडी व्यय भी जीडीपी के अनुपात में बहुत मामूली है। इस मामले में वह चीन एवं अमेरिका जैसे नवाचार में अग्रणी देशों से काफी पीछे है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में राजकोषीय अनुशासन और वित्तीय सुधारों ने आइआइटी, आइआइएसईआर और आइआइएस जैसे संस्थानों के लिए संसाधनों की उपलब्धता और उनके नीतिगत लचीलेपन को प्रभावित किया है।

राजस्व बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर सुधार भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सरकार को कर का दायरा बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। रियायतों को सीमित किया जाए और अनुपालन आसान बनाएं ताकि कर संग्रह में और उछाल आए। कारपोरेट इनकम टैक्स और निजी आयकर के स्तर पर व्यापक सुधारों की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही है। सुगम कर ढांचा और रियायतों की सीमा अनुपालन लागत एवं मुकदमेबाजी घटाने में मददगार बनेगी। प्रत्यक्ष करों में सुधार के तहत नए कर ढांचे में सभी रियायतों को समाप्त कर टैक्स की दरें घटाई जाएं। अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं को शामिल कर जीएसटी का दायरा बढ़ाने के साथ ही उसकी दरें तार्किक करें, जिससे सक्षमता बढ़ने के साथ ही राजस्व संग्रह भी बढ़ेगा। जीएसटी परिषद को नियमित तौर पर विमर्श के माध्यम से इन सुधारों को मूर्त रूप देकर सुनिश्चित करना चाहिए कि यह तंत्र उभरती आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

हालांकि सुधारों की सूची तो बहुत लंबी है, लेकिन यदि सरकार इन क्षेत्रों पर ही ध्यान केंद्रित करे तो काफी स्थितियां बेहतर हो सकती हैं। इससे सतत एवं तेज आर्थिक वृद्धि और राजकोषीय स्थायित्व की स्थिति बनेगी। इससे सुनिश्चित होगा कि भारत आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर रहकर नई उपलब्धियां हासिल करता रहेगा।

(देबराय प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के प्रमुख और सिन्हा परिषद में ओएसडी-अनुसंधान हैं)

**response@jagran.com**

# कसमसाती अयोध्या की बेचैनी

अयोध्या ने एक बार फिर से सबको चौंकाया है। भले ही यह प्रसंग राजनीतिक हो, परंतु इसकी प्रतिध्वनि अनेक आयामों में व्याप्त हुई है। इस लोकसभा चुनाव में अयोध्या (फैजाबाद) के भाजपा प्रत्याशी की पराजय विशेष उभरकर सामने आई है। विभिन्न प्रकार के वाद-प्रतिवादों के माध्यम से भाजपा सरकार द्वारा अयोध्या के लिए किए गए कामों और उनके चुनावी लाभ का भी आकलन किया जा रहा है। यद्यपि इस बार चुनाव परिणामों की हानि व्यापक है, पर अयोध्या का सामान्यीकरण नहीं कर सकते। इसीलिए यहां भाजपा प्रत्याशी की हार को कई रूपों में देखा जा रहा है। यह हार नैतिक नहीं, रणनीतिक और प्रायः कूटनीतिक भी है। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को लगभग पांच लाख मत मिले हैं और अयोध्या विधानसभा से सर्वाधिक मत भी मिले हैं। बावजूद इसके वह लोकसभा चुनाव में विजेता नहीं बन सके। उनकी पराजय ने प्रचलित हिंदू भावना को आहत किया है। कुछ लोग भांति-भांति के तर्कों से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन न देने वाली जनता को कोस रहे हैं, पर यह तर्कसंगत नहीं है। मतदाताओं को अपनी रुचि के अनुसार मतदान का अधिकार है, लेकिन इस प्रसंग पर इतनी प्रतिक्रिया भर ही काफी नहीं है। इंटरनेट मीडिया का कोलाहल शीघ्र ही शांत हो जाएगा, बाकी रह जाएगा एक प्रश्न, जो कहीं अधिक गहरा और अर्थपूर्ण होगा।

लोकतंत्र की राजनीति प्रतीकों से जिंदा रहती है। बहुमत की कामना अधिकांश जन को आकृष्ट और सहमत करने की चेष्टा करती है। इस चेष्टा में बृहत्तर प्रतीकों को चुना जाता है। भाजपा ने धर्मविग्रह श्रीराम का नाम, उनका धाम और उनकी जन्मभूमि की प्रतिष्ठा को नारा बनाया। यह एक असाधारण प्रयोग था जिसने पीढ़ियों की पीड़ा, प्रयत्न और प्रार्थनाओं को मानो स्वर दे दिया। श्रीराम का नाम सभी प्रकार की चारित्रिक जातीय अस्मिताओं के पार तक व्याप्त और प्रभावी है। पांच सौ वर्षों की आस्थापरक त्रासदी, सैकड़ों वर्षों से अधिक का संघर्ष, कई दशकों से अपनी एक थोपी हुई पहचान में बंदिनी अयोध्या के जैसे दिन बहुरे। जो कल्पनातीत था, वह हुआ। श्रीरामजन्मभूमि पर श्रीरामलला विराजमान हुए। देश उत्सवमय हो गया। भाजपा ने अपनी घोषित प्रतिज्ञाओं को पूरा करते हुए कीर्तिमान रच दिए, परंतु धर्म का वह प्रतीक संक्रमित होने लगा। नेताओं के चेहरे श्रीराम से बड़े प्रतीक के रूप में उभरने लगे। अयोध्या का इतिहास तिरोहित होने लगा। श्रीराम की आध्यात्मिक अयोध्या पर भारी बजट वाली एक और चमकदार अयोध्या मढ़ी जाने लगी। भूमि, राजस्व, बाजार, निवेश और विकास जैसी शब्दावली से भरी हुई एक दूसरी रामायण लिखी जाने लगी। इसमें अयोध्या की उपासना, मंदिरों के अनुशासन, अयोध्यावासियों की प्रकृति और बैरागियों की सराय कही जाने वाली इस नगरी की सुगंध बेमानी हो चली। एक नई अयोध्या बसने लगी, एक बसी हुई अयोध्या विस्थापित होने लगी। सड़कें, होटल, बाजार, यात्री-सुविधाएं और पर्यटन के सापेक्ष बसती हुई अयोध्या से इसकी पुराकथाओं के चरित्र विस्थापित होने लगे। इस नई और चमकदार अयोध्या के तर्क इतने धारदार और दावे इतने प्रबल हैं कि विस्थापित होती अयोध्या निःशब्द हो रही। कुछ लोग दौड़े-चिल्लाए, पर लाभार्थी, लोभार्थी कहकर उनको तात्कालिक-अंतरिम समाधान दे दिया गया। यह एक प्राचीन पुरी के चरित्र बदलने जैसी बात है। राष्ट्रीय फलक पर इस चमकती हुई अयोध्या का प्रकाश तो गया, परंतु कसमसाती हुई अयोध्या की बेचैनी नहीं जा सकी। जब किसी ने इस बेचैनी को स्वर देना भी चाहा तो सरकार से पहले उसके समर्थकों ने ही उसे चुप करा दिया।



आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण

> यदि श्रीराम को अपना राजा मानने वाली अयोध्या की आध्यात्मिकता छिनेगी तो उसकी प्रतिक्रिया होगी



अयोध्या की पारंपरिक पहचान पर संकट ● फाइल

यह कहना नासमझी होगी कि भाजपा के नीति-नियामक इस स्थिति से अवगत नहीं, परंतु राजनीतिक बढ़त की लहर में यह मुद्दा उनके लिए नगण्य हो गया। स्थानीय विपक्ष ने अयोध्या के इस यथार्थ का उपयोग किया। उसने भय और आशंकाओं को अपना शस्त्र बनाया, जिसका सार्थक प्रतिवाद भाजपा संगठन नहीं कर सका। ऐसा नहीं कि उनके पास सही उत्तर न रहे हों, वे वस्तुतः इसको लेकर पर्याप्त गंभीर ही नहीं हुए। यह देखना भी रोचक होगा कि सामान्य चुनाव की इस योजना में जहां प्रति व्यक्ति मतदान का आग्रह होता है, वहां स्थानीय प्रचार भी प्रतीकात्मक हो गए, जिन्हें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की यात्राओं से संपन्न मान लिया गया। यह वह छिद्र है जिससे अनर्थ बहुलता तक पहुंच गया। आज जब समय ने सोचने के लिए बाध्य किया है तो सारी बातें समझे जाने की अपेक्षा है।

यह समझना होगा कि अयोध्या ने भाजपा प्रत्याशी को नहीं हराया। वस्तुतः अत्यधिक आत्मविश्वास या सांगठनिक कार्ययोजना में प्रमाद के कारण वह अपनी जीत को हस्तगत नहीं कर सके। यही वह मूल बिंदु है, जिस पर ध्यान जाने से भाजपा को पराजय के सूत्र मिल सकते हैं। इस बात को एक और प्रमाण से समझा जा सकता है कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत को संदिग्ध मानकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उच्च पदाधिकारियों का पूरा समूह अयोध्या के चुनाव को संभालने में लगा था तो क्या कारण था कि लोकसभा के लिए वैसे प्रयत्न नहीं किए जा सके। जो अंतर्विरोध और चुनौतियां सामान्य जन को दिख रही थीं, उनको लेकर संगठन उदासीन कैसे रहा? आज परिणाम देखकर बचाव के तर्क खोजने के स्थान पर यदि सही समीक्षा का दायित्व लिया जाए तो कल्याण का मार्ग मिल सकता है। यह दोहराने में कोई संकोच नहीं कि भाजपा संगठन और मोदी-योगी की जोड़ी ने अयोध्या के लिए जो किया वह अपूर्व है, परंतु इस अपूर्व को करने में जो व्यावहारिक त्रुटियां हैं उनकी उपेक्षा के स्थान पर उनका समाधान करना ही चाहिए। यदि किसी भी शासनकाल में श्रीराम को अपना राजा मानने वाली अयोध्या की आध्यात्मिकता छिन जाएगी तो उसका कोई भी विकास सराहनीय नहीं होगा।

(लेखक सिद्धपीठ, श्रीहनुमन्निवास अयोध्या के महंत हैं)

**response@jagran.com**

## ऊर्जा

### आरोह-अवरोह

आरोह-अवरोह का शाब्दिक अर्थ है-ऊपर जाना-नीचे उतरना। ये शब्द प्रायः संगीत विधा से जुड़े हुए जाने जाते हैं। संगीत की समस्त राग-रागिनियां इन्हीं पर निर्भर हैं। जीवन में उतार-चढ़ाव आना भी स्वाभाविक है। यहां तक कि जब दो क्षण एक से नहीं होते तो जीवन में भी पल-पल आरोह-अवरोह स्वाभाविक है। ऐसे में क्या ही अच्छा हो कि जिस प्रकार संगीत के आरोह-अवरोह एक सुंदर राग की रचना करते हैं, हम भी अपने कर्मों एवं विचारों के उतार यानी दुख एवं चढ़ाव यानी सुख को एक साथ बुनकर हर परिस्थिति में समभाव रखते हुए अपने जीवन को सुखमय बनाने का प्रयत्न करें।

हालांकि यह सब कहना जितना सरल है, कार्यान्वित करना उतना ही कठिन। परिवार में सब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। लोगों को एक-दूसरे से अपेक्षाएं भी निश्चित तौर पर होती ही हैं। उनके पूर्ण न होने पर जीवन में हताशा और पीड़ा आने में देर नहीं लगती। जो लोग जीवन की विपरीत परिस्थितियों को चुनौती मान आगे बढ़ते जाते हैं वे एक दिन सफलता की ओर अग्रसर होते हैं। ऐसे लोग दुख-सुख के आरोह-अवरोह को झेलते हुए भी अपने निर्धारित कार्य देर-सबेर करते रहते हैं।

दरअसल जीवन यात्रा में राग-लय-ताल का मिश्रण हममें आत्मविश्वास जगाता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास अतिआवश्यक है। राग भैरवी की गंभीरता, राग बसंत की चंचलता और राग दीपक की ऊष्मता अपने सधे हुए आरोह-अवरोह से मानव मन में सुंदर भाव पैदा करती हैं। इनका समय भी निश्चित है। इसी तरह हमें यह समझ लेना चाहिए कि सुख-दुख का आना-जाना भी निश्चित है। इन्हें तय समय पर होना ही है, लेकिन यह भी सच है कि जब जीवन की नैया दुखों से डगमगाती है, फिर ईश्वर ही एकमात्र आसरा रह जाता है। बेसुरे आरोह-अवरोह को व्यवस्थित कर ताल से ताल मिलाकर एक नया सुर छेड़ना ही तो जीवन है। आध्यात्मिक चिंतन को व्यवहार से जोड़ना समस्त सुख-दुख के आरोह-अवरोह को अपने अनुरूप ढालने का एकमात्र तरीका है।

छाया श्रीवास्तव

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### भाजपा का अति आत्मविश्वास

'अपनी गलतियों से भी मात खाई भाजपा ने' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में संजय गुप्त ने लोकसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण किया है। भाजपा के अति आत्मविश्वास और विपक्षियों के रणनीतिक प्रयास ने चुनाव परिणामों को पूरी तरह प्रभावित किया है। एक तरफ जहां भाजपा ने जनता को प्रभावित करने के लिए कोई भी लालच नहीं दिया तो विपक्षी नेताओं ने उसे ही अपना मुख्य हथियार बना लिया। इसके साथ ही वह इस भ्रम को फैलाने में पूरी तरह कामयाब रहा कि यदि भाजपा 400 सीटें जीत गई तो वह संविधान को बदल देगी और एससी, एसटी तथा ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर देगी। जिसकी कोई सटीक काट सत्तारूढ़ दल कर पाने में असफल रहा। भाजपा के पुराने सांसदों से लोग बुरी तरह नाराज थे, लेकिन भाजपा हाईकमान ने इस वास्तविकता को अनदेखा किया। शायद उन्हें उम्मीद थी कि मोदी लहर के आगे सारी नाराजगियां घुटने टेक देंगी, पर ऐसा नहीं हो सका। यह प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा ही है, जो भाजपा इतनी सीटें जीतने में कामयाब हो सकी है कि वह सत्तारूढ़ होने जा रही है। भविष्य में यदि भाजपा शीर्ष नेतृत्व तुरंत सक्रिय नहीं हुआ तो इसका खामियाजा उसे अगले विधानसभा चुनावों में भी भुगतना पड़ेगा।

वेदप्रकाश पांडेय, अंबेडकर नगर, उप्र

### नरेन्द्र मोदी@3.0

एनडीए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शपथ लेने वाला सबसे प्रभावी गठबंधन साबित हुआ है। भाजपा को चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी, नीतीश कुमार की जदयू, लोजपा, शिवसेना, रालोद जैसे क्षेत्रीय दलों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। आगामी एनडीए सरकार पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की भारत की कूटनीतिक रणनीति को रेखांकित करेगी। क्षेत्रीय स्थिरता और नीति निर्माण के परिचालन राजनीतिक एजेंडे के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करना सुनिश्चित करेगी।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

### आडवाणी की अवहेलना नहीं

विपक्षी दल भाजपा पर अपने वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की अवहेलना कर उन्हें अपमानित करने का निराधार आरोप लगाते हैं। उनका आरोप है कि सन 2014 में एनडीए की जीत के बाद उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया और स्व. प्रणव मुखर्जी का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात उन्हें राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी नहीं बनाया। सन 2009 में भाजपा विजयी होती तो निश्चय ही आडवाणी ही प्रधानमंत्री बनते पर उस वर्ष यूपीए-2 की वापसी हो गई। सन 2014 में आडवाणी 86 वर्ष के हो चुके थे। चुनाव प्रचार हेतु एवं इतने ऊंचे पद के लिए अत्यधिक ऊर्जा एवं सक्रियता की आवश्यकता होती है। सन 2017 में राष्ट्रपति चुनाव के समय आडवाणी 90 वर्ष पूर्ण कर चुके थे। राष्ट्रपति को सेना का प्रमुख होने के साथ अनेक दायित्वों का निर्वहन करना होता है, उनकी उम्र इसमें बाधक होती। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से अलंकृत किया गया। वह अभी भी भाजपा के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं। नरेन्द्र मोदी ने अपना तृतीय कार्यकाल प्रारंभ होने के पूर्व आडवाणी के निवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है।

धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

### भाजपा ने गलतियों से मात खाई

'अपनी गलतियों से भी मात खाई भाजपा ने' शीर्षक आलेख में हाल ही के लोकसभा चुनावों में भाजपा को कम सीट मिलने से एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह पार्टी अपने आदर्शों और सिद्धांतों से भटक गई है? संजय गुप्त का यह विश्लेषण न केवल घटनाओं का मूल्यांकन है, बल्कि राजनीतिक परिदृश्य का गहन आत्मावलोकन भी है। पहले पहल, भाजपा की स्थिति का प्रमुख कारण उसकी आंतरिक कलह और गुटबाजी को माना जा सकता है। 'अपनी करनी का फल' कहावत यहां पूरी तरह से सार्थक प्रतीत होती है। जब पार्टी के अपने ही सदस्य एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे हों, तो जनता का विश्वास कैसे बना रह सकता है? भाजपा के लिए यह समय है कि वह अपनी आंतरिक संरचना को दुरुस्त करे और एकजुटता का परिचय दे। जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भाजपा के लिए बहुत भारी पड़ी। नींव कमजोर हो तो इमारत कब तक टिकेगी? इस विचारधारा पर ध्यान देते हुए पार्टी ने केवल अपने बड़े नेताओं के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश की, जबकि जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को नकारा गया। यह वही कार्यकर्ता हैं जो जनता के बीच रहकर पार्टी के संदेश को पहुंचाते हैं। टिकट वितरण में पारदर्शिता की कमी भाजपा की हार का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा। योग्य और समर्पित उम्मीदवारों को मौका नहीं मिलेगा, तो जनता का विश्वास कैसे बनेगा? भाजपा को अब सचेत हो जाना चाहिए।

अवनीश कुमार गुप्ता, नई दिल्ली

## पोस्ट

एनटीए ने छात्रों का जीवन दूभर कर दिया है। तमाम युवाओं को एनटीए से कई शिकायत हैं। यदि एनटीए सुधर नहीं सकता तो उसे समाप्त हो जाना चाहिए। हमारे समय में परीक्षा देना इससे आसान था और तब आज से कम विवाद होता था।

रंगनाथ सिंह @rangnathsingh_

एक मजबूत मीडिया सलाहकार, नियमित प्रेस ब्रीफिंग और दमदार वकीलों की टीम के अभाव में भाजपा नैरेटिव के मोर्चे पर हमेशा पिछड़ी रहेगी।

मिन्हाज मर्चेंट @MinhazMerchant

शेयर बाजार को प्रभावित करने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी से यही पूछना है कि झूठी हिंडनबर्ग रिपोर्ट से भी तो करोड़ों भारतीयों को भारी नुकसान हुआ था। तब उस मुद्दे को उठाकर कांग्रेस किसके लिए काम कर रही थी।

संगीत कुमार रागी @RagiSangit



भारत का नेतृत्व करने के लिए एक और कार्यकाल हासिल करने के लिए नरेन्द्र मोदी को बहुत-बहुत बधाई। मैं जब भी भारत आता हूं तो देश बेहतर से बेहतर होता जाता है। क्या शानदार काम है, सर। नई पारी के लिए ढेर सारी शुभकामना।

केविन पीटरसन @KP24

## जनपथ

मोदी जी ने रच दिया आखिर वह इतिहास,
देश लगाए था खड़ा जिसकी खातिर आस।
जिसकी खातिर आस रास ये जिसे न आए,
वो अपने घर बैठ अश्रु की धार बहाए!
कांग्रेस ने साख स्वयं है अपनी खो दी,
बंधु तभी हर बार चुन रही जनता मोदी!!
– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 327

********

# जनादेश
## खंडित बनाम प्रचंड

97,870 किमी बने थे नेशनल हाईवे वित्त वर्ष 2014-15 तक

1,45,240 किमी हो गई नेशनल हाईवे की लंबाई वित्त वर्ष 2022-23 तक मोदी सरकार के कार्यकाल में


22,224 किमी हुआ था रेल मार्ग का विद्युतीकरण वित्त वर्ष 2014-15 तक

50,394 किमी तक पहुंचा रेलवे मार्ग का विद्युतीकरण वित्त वर्ष 2021-22 तक

74 थी वित्त वर्ष 2014-15 तक देश में एयरपोर्ट की संख्या

149 हो गई वित्त वर्ष 2022-23 तक देश में एयरपोर्ट की संख्या बढ़ कर

स्रोत: भारत सरकार का श्वेत पत्र



लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह विश्व का सबसे बड़ा चुनाव था। नतीजे भारत की राजनीति पर निर्णायक असर डालने वाले हैं। देश करीब एक दशक के बाद फिर से गठबंधन की सरकार के दौर में प्रवेश कर चुका है। साथ ही क्षेत्रीय दलों ने न सिर्फ अपने-अपने राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में इन दलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि गठबंधन की सरकार के लिए कड़े फैसले लेना और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा। इसका नकारात्मक असर अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा क्योंकि तेज आर्थिक विकास के लिए लंबित सुधारों को लागू करना जरूरी है। दूसरी ओर विश्लेषकों का एक वर्ग यह मानता है कि गठबंधन की सरकार ज्यादा लचीली और समावेशी होगी। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों का समावेशी होना अपरिहार्य है। उनका तर्क है कि गठबंधन सरकार के दौर में भी अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर रहा है। ऐसे में यह पड़ताल अहम मुद्दा है कि चुनाव नतीजे भारत के भविष्य को किस तरह से प्रभावित करेंगे?

# सुधारों में देरी से समृद्धि का लक्ष्य होगा दूर



विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु


गठबंधन की सरकारों में हर दल की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं। ऐसे में सुधारों को लागू करने के लिए आम सहमति बनाने का प्रयास करना ही आगे बढ़ने का रास्ता हो सकता है। अगर सुधारों को लागू करने में देरी होती है तो इससे सबके लिए समृद्धि का लक्ष्य दूर हो सकता है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को काफी हद तक बदल दिया है। इसकी वजह सत्तारूढ़ दल को बहुमत से कम सीटें मिलना है। देश के राजनीतिक परिदृश्य में यह बदलाव उन बड़े आर्थिक सुधारों को जारी रखने की राह में एक चुनौती बन गया है, जिन सुधारों ने भारत को तेज आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। देश अब गठबंधन सरकारों के दौर में प्रवेश कर गया है, ऐसे में भारत के आर्थिक भविष्य को लेकर कुछ सवाल उभरे हैं।

नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में रणनीतिक निवेश और कम अवधि की लोकप्रियता पर लंबी अवधि की समृद्धि को लेकर प्रतिबद्धता भारत को ग्रोथ के नए स्तर पर ले गई। पिछले कुछ दशकों में भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार शानदार रही है। आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। 20 वीं सदी के दशवें दशक की शुरुआत में आर्थिक उदारीकरण की पहल के बाद देश में बड़े आर्थिक सुधारों को लागू किया गया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्शी कोड (आइबीसी) को लागू करने के अलावा डिजिटल पेमेंट व कारोबार में सुगमता को बढ़ावा दिया गया। इससे देश में कारोबार करना आसान हुआ, कर अनुपालन बढ़ने के साथ निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। लोकलुभावन कदमों के बजाए ढांचागत सुधारों पर दिया गया। लंबी अवधि की स्थिरता को प्राथमिकता देकर सरकार ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि की एक मजबूत बुनियाद तैयार करते हुए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और रोजगार व नौकरियों के मौके सृजित करने सफलता हासिल की। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

हाल में आए चुनाव नतीजों ने सत्तारूढ़ दल के लिए यह आवश्यक हो गया है कि छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन के साथ सरकार चलाए। इस बदलाव की वजह से आर्थिक सुधार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बाधाएं आ सकती हैं क्योंकि अलग अलग दलों की अपनी प्राथमिकताएं और अपनी विचारधारा है। जरूरी नहीं है कि गठबंधन में शामिल दल भी बड़े सुधारों और टिकाऊ विकास के लिए उठाए जाने वाले कदमों के समर्थक हों। क्षेत्रीय पार्टियां आम तौर पर व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्थानीय मुद्दों और कम अवधि में नतीजे लाने वाली कल्याणकारी योजनाओं को पसंद करती हैं। ऐसे कई मामले देखे गए हैं जहां वित्तीय अनुशासन को ताक पर रख दिया गया और सब्सिडी व लोकलुभावन योजनाओं ने सरकारी खजाने पर दबाव डाला है। इस तरह की मांगों के साथ संतुलन बनाते हुए ढांचागत सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक कौशल और दृढ़ नेतृत्व की जरूरत होगी। गठबंधन सहयोगियों को संतुष्ट करने की जरूरत विकास के एजेंडे को प्रभावित कर सकती है। यदि सरकार को सुधार के उपायों को कमजोर करने या महत्वपूर्ण निर्णयों को स्थगित करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह पिछले वर्षों में हासिल की गई तेज विकास की गति को धीमा कर सकता है। श्रम, कृषि सुधार और अर्थव्यवस्था के उदारीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में देरी हो सकती है या व्यापक राजनीतिक समर्थन हासिल करने के लिए इसे कमजोर किया जा सकता है। नीतियों के स्तर पर अनिश्चितता से निवेशकों की भावनाएं भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती हैं। निवेशक स्थिरता चाहते हैं, और आर्थिक सुधार के एजेंडे के प्रति डगमगाती प्रतिबद्धता का कोई भी संकेत निवेश प्रवाह को कम कर सकता है, रोजगार सृजन, तकनीकी प्रगति और समग्र आर्थिक गतिशीलता में बाधा उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत को विनिर्माण और उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए आवश्यक श्रम कानून सुधारों पर अक्सर श्रमिक संघों और राजनीतिक दलों के विरोध का सामना करना पड़ता है। इसी तरह, सब्सिडी में बदलाव का मामला संवेदनशील है। ग्रामीण इलाकों में समृद्धि लाने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए व्यापक कृषि सुधारों का कोई विकल्प नहीं है। इन चुनौतियों के बावजूद, सुधार का एजेंडा जारी रखना संभव है। गठबंधन के सहयोगियों के बीच आम सहमति बनाने में बातचीत का कौशल अहम होगा। सरकार को सुधारों के दीर्घकालिक लाभों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए, इस बात पर जोर देना चाहिए कि कैसे ये उपाय देश और नागरिकों को समृद्धि की ओर ले जाएंगे। एक संभावित रणनीति बुनियादी ढांचे के विकास जैसे व्यापक समझौते के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों में निवेश करने से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है, नौकरियां पैदा हो सकती हैं और अन्य सुधारों की तरह राजनीतिक रूप से विवादास्पद हुए बिना उत्पादकता में सुधार हो सकता है। बेहतर बुनियादी ढांचे से कनेक्टिविटी में सुधार होता है, परिवहन लागत कम होती है और बाजार तक पहुंच बढ़ती है, जो आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी तरह, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश पर आम तौर पर विरोध की संभावना कम रहती है। विकास को गति देने के लिए एक और तरीका प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाना है। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने यह साबित किया है कि तकनीकी प्रगति से क्षमता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। प्रौद्योगिकी-संचालित पहलों को अक्सर व्यापक समर्थन मिलता है क्योंकि इनमें अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने और नए अवसर पैदा करने की संभावनाएं हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) की सफलता और भारत में फिनटेक क्षेत्र की वृद्धि दर्शाती है कि प्रौद्योगिकी पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक बनाने के साथ आर्थिक विकास को गति दे सकती है। पीएलआइ योजना और मेक इन इंडिया पहल रोजगार सृजन से जुड़ी हैं। ऐसे में इन पहलों को समर्थन मिल सकता है। इसी तरह, आयुष्मान भारत योजना और मानव पूंजी विकास को बढ़ाने वाले अन्य कार्यक्रमों को भी अच्छा समर्थन मिलने की संभावना है। सुधारों को लंबे समय तक सफल बनाने के लिए जरूरी है कि इसके लिए आम लोगों को जागरूक करते हुए उनका समर्थन हासिल किया जाए। इसके लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि सुधारों का लाभ सबको मिले और इससे पैदा होने वाली समस्याओं का समाधान भी किया जाए। सामाजिक सुरक्षा, पुनर्प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रभावित क्षेत्रों के लिए समर्थन सुधारों के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और व्यापक स्वीकृति बनाने में मदद कर सकते हैं।

# नए राजनीतिक परिदृश्य में पीएम मोदी को दिखाना होगा लचीलापन



डा. एके वर्मा
राजनीतिक विश्लेषक

जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्ण बहुमत न देकर जनादेश दिया है कि वे दूसरे दलों के साथ सरकार चलाएं। नरेन्द्र मोदी 2014 और 2019 में राजग सरकार की अगुआई कर चुके हैं लेकिन तब वे सहयोगियों पर निर्भर नहीं थे। अब उनको लचीलापन दिखाना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के अथक परिश्रम के बावजूद जनता ने उनको पूर्ण-बहुमत नहीं दिया। उनको जनादेश दिया कि वे अन्य दलों के साथ मिलकर सरकार चलाएं। पीएम मोदी ने 2014 और 2019 में भी राजग सरकार चलाई है लेकिन तब वे सहयोगियों पर निर्भर नहीं थे, आज सहयोगियों पर निर्भरता है। जरूरी नहीं है कि नरेन्द्र मोदी को अपना एजेंडा छोड़ना पड़े, लेकिन उनको लचीलापन दिखाना होगा। देश में गठबंधन सरकारों का इतिहास रहा है, जिसमें स्थिर और अस्थिर दोनों सरकारें रही हैं। कुछ लोगों को मोदी-3 में अस्थिरता की आशंका है। लेकिन जिस प्रकार की गर्मजोशी राजग की बैठक में घटक-दलों ने दिखाई, और प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में भाजपा के बजाय राजग का ही नाम लिया, वह स्वयं में एक नूतन गठबंधन-संस्कृति की शुरुआत का संकेत है। यह जनादेश विपक्ष को भी एक संदेश देता है। इतने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय-दलों के साथ आने पर भी जनता ने उन्हें विपक्ष की भूमिका के योग्य ही समझा। हां, उनको और सशक्त बना कर भेजा ताकि वे संसद में शोर-शराबे, नारेबाजी का रवैया अपनाने के बजाय गंभीर और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएं।

नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बना कर इतिहास रचा है। देश-हित में कड़े और बड़े फैसले लेने का संकल्प दोहराया है। गठबंधन के सभी सहयोगियों, खासतौर पर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार ने इस पर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। आशा है सहयोगी-दल आर्थिक सुधारों, जनगणना, परिसीमन, लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों में वृद्धि तथा 33 प्रतिशत महिला-आरक्षण, वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका, भारत को पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने आदि संकल्पों पर प्रधानमंत्री के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे जिससे जातीय जनगणना, कृषि सुधार, एक राष्ट्र, एक चुनाव, समान नागरिक संहिता आदि संवेदनशील मुद्दों को भी सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना संभव हो सकेगा। इस जनादेश से किसी राष्ट्रव्यापी समरूप सामाजिक-प्रवृत्ति या मतदान-व्यवहार के उभरने के संकेत नहीं हैं। जहां मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, असम, बिहार, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में सुशासन, विकास एवं मोदी-नेतृत्व पर मतदान हुआ, वहीं उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में अस्मिता की राजनीति की वापसी हुई है। महाराष्ट्र में विचारधारा और विरासत के मुद्दे अहम रहे और भाजपा-शिवसेना(शिंदे) एवं शिवसेना(उद्धव) के प्रदर्शन से स्पष्ट है कि वहां हिंदुत्व प्रभावी विचारधारा रही, पर बाल ठाकरे की विरासत पर उद्धव, और राकांपा पर शरद पवार के दावों को जनता ने मान्यता दी। दक्षिण-भारतीय राज्यों में जनता ने भाजपा को प्रभावी उपस्थिति दी जो उसके अखिल-भारतीय स्वरूप को गहरा करता है। आज भारतीय लोकतंत्र 'भाजपा-सिस्टम' की ओर चल पड़ा है। इसी का नतीजा है कि भाजपा-गठबंधन केंद्र और 22 राज्यों में सत्तासीन है तथा समावेशी राजनीति के माध्यम से समाज की सभी जातियों और वर्गों को अपने साथ लाने में सफल हुआ है। चुनाव-आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और इवीएम पर विपक्षी हमले को जनता ने खारिज कर दिया है।

## आपकी आवाज

बड़े दलों की निरंकुशता रोकने के लिए क्षेत्रीय दलों की भूमिका तभी सार्थक हो सकती है, जब निजी स्वार्थ ताक पर रखकर राष्ट्र हित में त्याग किया जाए। लेकिन देखा यह गया है कि क्षेत्रीय दल सत्ता की सौदेबाजी पर ज्यादा जोर देते हैं। उनके लिए देश हित की बात सबसे आखिरी में आती है।

अमृतलाल मारू 'रवि'

गठबंधन की सरकार के फायदे और नुकसान दोनों ही हैं। ऐसी सरकार कभी भी तानाशाही की राह पर नहीं जाती है लेकिन उसके लिए फैसले करना मुश्किल होता है। देखा गया है कि बहुमत की सरकार मुश्किल फैसले भी ले सकती है और विरोध के नाम पर विकास के काम को बाधित करने वाली ताकतों से निपट भी सकती हैं। लोकतंत्र में आम सहमति की जरूरत होती है।

राजेश कुमार चौहान

# मानव विकास के मोर्चे पर कहां है भारत

मानव विकास के सभी संकेतकों में भारत के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की 2023/24 की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत की मानव विकास सूचकांक (एचडीआइ) वैल्यू 2022 में बढ़ कर 0.644 हो गई है। रिपोर्ट में भारत को 193 देशों में 134 वें स्थान पर रखा गया है। हालांकि अगर विकसित देशों से तुलना करें तो हम मानव विकास के संकेतकों में बहुत पीछे हैं और भारत को इस स्तर तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय करना होगा।



67.7 वर्ष हो गई है भारतीयों की जीवन प्रत्याशा बढ़ कर

0.644 हो गई है भारत की एचडीआइ वैल्यू

48.6% तक बढ़ी है भारत की एचडीआइ वैल्यू 1990 और 2022 के बीच

### लैंगिक असमानता के मोर्चे पर सुधार

भारत में लैंगिक असमानता कम हुई है। हालांकि श्रम बाजार में लैंगिक असमानता अब भी अधिक है। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआइआइ) 2022 में भारत 166 देशों में 108 वें स्थान पर है। जीआइआइ तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रजनन स्वास्थ्य, सशक्तीकरण और श्रम बाजार में लैंगिक असमानता पर गौर करता है।

0.437 के साथ भारत की जीआइआइ वैल्यू वैश्विक औसत से बेहतर है। 0.462 है जीआइआइ वैल्यू का वैश्विक औसत

47.8% के साथ श्रम बल भागीदारी में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर है भारत में महिलाओं और पुरुषों के बीच

### कितनी है भारत की प्रति व्यक्ति आय

भारत की प्रति व्यक्ति आय (जीडीपी पर कैपिटा) 2,673 डालर है। यह आंकड़ा तब है, जब हम विश्व के तमाम देशों में जीवन जीने की लागत में अंतर को समायोजित नहीं करते हैं। इस अंतर को परचेजिंग पावर पैरिटी (पीपीपी) कहते हैं। पीपीपी के हिसाब से भारत की प्रति व्यक्ति आय 9,180 डालर है। इसका मतलब है कि अगर इस बात का हिसाब लगाया जाए कि दूसरे देशों की तुलना में आप भारत में रुपये से क्या खरीद सकते हैं तो भारत में लोगों की खरीद क्षमता अधिक है।

**विश्व के शीर्ष 10 अमीर देश:** इन देशों की औसत प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है। (सभी आंकड़े डालर में) आंकड़े फरवरी, 2024 के अनुसार




स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष

# मोदी 3.0 सरकार में 33 पहली बार बने मंत्री, छह जानेमाने राजनीतिक परिवारों से

- चार पूर्व सीएम शिवराज, मनोहर लाल, कुमारस्वामी व जीतनराम भी केंद्र में पहली बार बने मंत्री
- शिवराज पांच बार सांसद व मप्र के पूर्व सीएम हैं, मनोहर लाल हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार, तेलुगु देसम पार्टी सुप्रीमो चंद्र बाबू नायडू • प्रेट्र

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रविवार को मोदी 3.0 सरकार के शपथ लेने वाले मंत्रिमंडल में 33 सांसद ऐसे हैं जो पहली बार मंत्री बने हैं। इनमें से कम से कम छह मंत्री ऐसे हैं जोकि जाने-माने राजनीतिक परिवारों से हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंत्रिपरिषद में पहली बार शामिल होने वालों में चार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), मनोहर लाल (हरियाणा), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक) और जीतन राम मांझी (बिहार) भी शामिल हैं। शिवराज विदिशा से पांच बार सांसद बन चुके हैं। यह वह निर्वाचन क्षेत्र है जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भी किया था।

वह मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले व्यक्ति भी हैं। आरएसएस के पूर्व प्रचारक मनोहर लाल दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने इसी वर्ष मार्च में सीएम पद से इस्तीफा दिया था। मोदी सरकार में पहली बार मंत्री बने सात सांसद सहयोगी दलों के हैं। इनमें तेदेपा के के. राममोहन नायडू और चंद्रशेखर पेम्मासानी, जदयू के ललन सिंह और राम नाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोकदल के जयन्त चौधरी, एलजेपी के चिराग पासवान और जेडी(एस) के एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। रालोद के मुखिया 45 वर्षीय जयन्त चौधरी भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के बेटे हैं।

बिहार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान ने भी केंद्र में मंत्री के रूप में शुरुआत की। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में हाजीपुर सीट पर 1.70 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की। इस पर उनके पिता रिकार्ड नौ बार जीते थे। उनकी पार्टी लोजपा (रामविलास) ने राजग के सहयोगी दल के तहत बिहार में लड़ी गई सभी पांच सीटों पर जीत हासिल की।

मंत्री बने जदयू के रामनाथ ठाकुर प्रसिद्ध समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के पुत्र हैं। कर्पूरी को इस साल की शुरुआत में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। रामनाथ 2005 से 2010 तक बिहार में मंत्री भी रह हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू भी पहली बार मंत्री बने हैं। बिट्टू लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने लुधियाना से चुनाव लड़ा और पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग से करीब 20 वोटों से हार गए थे। बिट्टू (48) 2009 से 2014 तक पंजाब के आनंदपुर साहिब और 2014 से 2024 तक लुधियाना से सांसद रह चुके हैं।

महाराष्ट्र से वरिष्ठ राकांपा नेता एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे ने भी पहली बार केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने अपनी रावेर सीट बरकरार रखी और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। 26 साल की उम्र में वह हीना गावित के साथ 2014 के आम चुनाव में जीतकर सबसे कम उम्र की सांसद बनीं थीं। संप्रग सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्रियों में से एक रहे जितिन प्रसाद 10 साल बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में वापसी करेंगे। उन्होंने 2021 में भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस छोड़ दी थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद मित्र और मुंगेर से सांसद चुने गए राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह भी पहली बार केंद्र में मंत्री बने हैं। नए चेहरों में अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी भी शामिल हैं, जिन्होंने केरल से भाजपा का पहले सांसद बनकर इतिहास रच दिया। पहली बार मंत्री बनने वालों में भाजपा की कमलेश पासवान (उप्र), सुकांता मजूमदार (बंगाल), दुर्गा दास उइके (मप्र), राज भूषण (बिहार), सतीश दुबे (बिहार), संजय सेठ (झारखंड), सीआर पाटिल (गुजरात), भागीरथ चौधरी (राजस्थान), हर्ष मल्होत्रा (दिल्ली), वी सोमन्ना (कर्नाटक), सावित्री ठाकुर (मप्र), प्रतापराव (महाराष्ट्र), जार्ज कुरियन (केरल), कीर्ति वर्धन सिंह (उप्र), तोखन साहू (छग), भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा (आंध्र), निमूबेन बंभानिया (गुजरात), मुरलीधर मोहोल (महाराष्ट्र), पबित्रा मार्गेरिटा (असम) व बंडी संजय कुमार (तेलंगाना) शामिल हैं।

### मंत्रिमंडल में सात महिलाएं

नए मंत्रिमंडल में सात महिलाओं को शामिल किया गया है, जिनमें से दो कैबिनेट मंत्री हैं। पिछली मंत्रिपरिषद में 10 महिला मंत्री थीं। जिन लोगों को हटाया गया है उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, राज्य मंत्री डा. भारती पवार, साध्वी निरंजन ज्योति, दर्शना जरदोश, मीनाक्षी लेखी और प्रतिमा भौमिक शामिल हैं। गए नए मंत्रियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अन्नपूर्णा देवी, शोभा करंदलाजे, रक्षा खडसे, सावित्री ठाकुर, निमूबेन बंभानिया व अपना दल की सांसद अनुप्रिया पटेल शामिल हैं। सीतारमण व अन्नपूर्णा कैबिनेट में शामिल की गई हैं।

# मोदी कैबिनेट से भाजपा ने तैयार की हरियाणा विस चुनाव की नींव

अनुराग अग्रवाल • जागरण

- राव इंद्रजीत व कृष्णपाल ने लगाई हैट-ट्रिक, मनोहर पहुंचे कैबिनेट में
- अक्टूबर में विस चुनाव, भाजपा ने पंजाबियों का भी जीता विश्वास

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी बार की राजग सरकार में हरियाणा के तीन सांसद मंत्री बने हैं। करीब साढ़े नौ साल तक हरियाणा में सरकार चलाने वाले मनोहर लाल पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं तो गुरुग्राम व फरीदाबाद के सांसदों के रूप में राव इंद्रजीत सिंह और कृष्णपाल गुर्जर तीसरी बार मोदी मंत्रिमंडल में जगह बना पाए हैं। प्रदेश में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं। इस लिहाज से मोदी मंत्रिमंडल में हरियाणा को उम्मीद से कहीं अधिक प्रतिनिधित्व मिला है।

वर्ष 2014 में नौ, 2019 में सभी 10 तो 2024 में केवल पांच लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद हरियाणा को मोदी मंत्रिमंडल में भरपूर प्रतिनिधित्व मिला है। इसका सबसे बड़ा छह महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को माना जा रहा है। भाजपा ने मोदी मंत्रिमंडल में हरियाणा को प्रतिनिधित्व देते समय जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) से होने के बावजूद इसी वर्ग से दो सांसदों राव इंद्रजीत व कृष्णपाल गुर्जर को मंत्री बनाया गया है। कृष्णपाल गुर्जर और राव इंद्रजीत दोनों ओबीसी वर्ग से आते हैं। दोनों की दक्षिण हरियाणा में मजबूत पकड़ है। उत्तर हरियाणा-जीटी रोड बेल्ट से करनाल के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली है, जो कि पंजाबी वर्ग से आते हैं। मनोहर लाल की गिनती पीएम मोदी के करीबियों में होती है।

**राजनीति में सौभाग्यशाली मनोहर लाल:** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल राजनीति में बहुत ही सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने करनाल विधानसभा सीट से पहला चुनाव लड़ा और विधायक बनकर मुख्यमंत्री बने। साढ़े नौ साल सभी को साथ लेकर सरकार चलाई। पहली बार करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। चुनाव जीते और पहली बार में ही मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री बन गए। गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत को राजनीति का लंबा अनुभव हासिल है। वह इस बार कांग्रेस के राज बब्बर को हराकर छठी बार सांसद बने हैं।


### नड्डा के डिनर में सांसदों ने लिया कई व्यंजनों का स्वाद

**नई दिल्ली, एएनआइ :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित राजग सांसदों को रात्रिभोज दिया। रात्रिभोज के मेन्यू में गर्मी से राहत देने वाले विभिन्न प्रकार के खाने-पीने की चीजों को शामिल किया गया। इसमें पांच तरह के जूस, शेक, भरवां लीची, मटका कुल्फी, मैंगो क्रीम और तीन तरह का रायता शामिल था।

खाने में जोधपुरी सब्जी, दाल, दम बिरयानी और पांच तरह की ब्रेड की भी व्यवस्था की गई थी। यही नहीं, पंजाबी फूड काउंटर अलग से रखा गया था। बाजरे का स्वाद लेने वालों के लिए बाजरे की खिचड़ी भी परोसी गई।

मीठा खाने के शौकीन नेताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इसमें रसमलाई और चार तरह का घेवर भी परोसा गया। इसके साथ ही चाय और काफी की भी व्यवस्था थी।

********


फिर एक बार
मोदी सरकार
माननीय
श्री नरेंद्र मोदी जी
को तीसरी बार पुनः
भारत का प्रधानमंत्री
बनने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
डॉ. जमाल ए खान
एमबीबीएस, एमडी
संस्थापकः डेनवैक्स